in unsuccessful commercial production in respect of price de-controlled drugs.

(d) Does not arise.

(e) No, Sir.

(f) Does not arise.

गांवों में डॉक तथा टेली-संचार सुविधायें

*150. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :**
श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन गांवों की संख्या क्या है जिनकी आबादी 1500 है और जिनमें पिछले तीन वर्षों में डाक तथा टेली-संचार सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं ;

(ख) इसका राज्यवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या महाराष्ट्र में सांगली में ये सुविधाएं उपलब्ध की गयी हैं और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्री (श्री वीर बहादुर सिंह) :

(क) (1) डाक

(1) ग्रामीण सेक्टर में, उन ग्राम समूहों में नए डाकघर खोले जाते हैं जिनकी संयुक्त जनसंख्या सामान्य ग्रामीण क्षेत्रों में 3000 और पहाड़ी, पिछड़े तथा जन जातीय क्षेत्रों में 1500 हो । 1-4-85 से 31-3-1988 की अवधि के दौरान, सामान्य ग्रामीण क्षेत्रों में 338 और पहाड़ी पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में 536 नए डाकघर खोले गए ।

(2) दूरसंचार

विभाग द्वारा ऐसा कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता क्यों कि दूरसंचार सुविधाएं इस मानदण्ड के आधार पर प्रदान नहीं की जाती हैं । दीर्घकालिक उद्देश्य के रूप में, विभाग ने प्रत्येक आबादी वाले स्थान के लगभग 5 कि०मी० के भीतर पूरी आर्थिक सहायता देकर दूरसंचार सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है । इसके लिए, देश को 5 कि०मी० के षटभुजाकार वाले क्षेत्रों में विभाजित किया गया है तथा इसके प्रमुख ग्राम को दूरसंचार सुविधाएं प्रदान करने के लिए निर्धारित किया गया है । देश में ऐसे 50421 षटभुजाकार वाले क्षेत्र हैं जिनमें से 28,447 क्षेत्रों में 31-3-1988 तक दूरसंचार सुविधाएं प्रदान कर दी गई हैं ।

(ख) (1) डाक

ब्योरा विवरण-I में दिया गया है (नीचे देखिये)

(2) दूरसंचार

ब्योरा विवरण II में दिया गया है (नीचे देखिये).

(ग) (1) डाक

जी हां । सागली जिले में इस समय 313 ग्रामीण डाकघर काम कर रहे हैं । चालू वर्ष के दौरान 5 और ग्रामों में डाकघर खोलने का प्रस्ताव है ।

(2) दूरसंचार

सांगली (महाराष्ट्र) में निम्नलिखित दूरसंचार सुविधाएं हैं :

1. 4800 लाइनों की क्षमता वाला स्ट्रोजर आटोमेटिक एक्सचेंज ।

2. सांगली एक्सचेंज राष्ट्रीय उपभोक्ता डायलिंग पर बंबई टी ए एक्स से जुड़ा हुआ है ।

3. सांगली मे निम्नलिखित स्थानों के लिए प्वाइंट-टू-प्वाइंट एसटीडी सुविधा उपलब्ध हैं :

(1) बंबई
(2) पुणे
(3) इच्छल करंजी कराड
(4) कोल्हापुर

4. सांगली में 50 लाइनों का टेलेक्स एक्सचेंज है।

5. सांगली में एक विभागीय तारघर है।

6. सांगली जिले में 67 एक्सचेंज और 33 लंबी दूरी के सार्वजनिक टेलीफोन काम कर रहे हैं ?

विवरण-I

1-4-1985 से 31-3-1988 तक की अवधि के दौरान डाक सर्किलवार कोले गये ग्रामीण डाकघरों की संख्या

सर्किल का नाम	सामान्य ग्रामीण क्षेत्र	पहाड़ी/पिछड़े जनजातीय क्षेत्र	कुल
आन्ध्र प्रदेश	1	—	1
बिहार	35	92	127
दिल्ली	—	—	—
गुजरात	1	1	2
हरियाणा	4	—	4
हिमाचल प्रदेश	—	7	7
जम्मू एवं कश्मीर	—	7	7
कर्नाटक	—	7	7
केरल	26	8	34
महाराष्ट्र	25	5	30
मध्य प्रदेश	31	84	115
उत्तर पूर्वी	29	32	61
उड़ीसा	3	12	15
पंजाब	—	—	—
राजस्थान	8	21	29
तमिलनाडु	4	9	13
उत्तर प्रदेश	86	234	320
पश्चिम बंगाल	85	17	102
योग	338	536	874

विवरण–II

पिछले तीन वर्षों के दौरान दूरसंचार सर्किलवार खोले गये लंबी दूरी के सार्वजनिक टेलीफोन

सर्किल का नाम	1985–86	1986–87	1987–88
आंध्र प्रदेश	127	61	41
असम	—	—	213
बिहार	245	107	205
गुजरात	56	74	92
हरियाणा	—	—	63
हिमाचल प्रदेश	—	—	17
जम्मू एवं कश्मीर	22	7	41
कर्नाटक	49	113	799
केरल	11	8	4
मध्य प्रदेश	300	133	253
महाराष्ट्र	109	304	349
उत्तर पूर्वी	19	30	16
उड़ीसा	119	114	94
पंजाब	—	—	14
राजस्थान	112	191	332
तमिलनाडु	77	67	33
उत्तर प्रदेश	117	230	140
पश्चिम बंगाल	29	32	32
उत्तर पश्चिम	87	87	—
योग	1509	1558	2018

टिप्पणी : उत्तर पूर्व में असम और उत्तर पूर्व सर्किल शामिल थे। उत्तर पश्चिम में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब शामिल हैं।

Power Plants by Foreign Companies

*151. SHRI D. B. CHANDRE GOWDA: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether Government have allowed the foreign companies to set up power plants in the country;

(b) if so, whether the indigenous power generation equipment manufacturers would be adversely affected as a result thereof; and

(c) what steps Government propose to take to save the indigenous companies from the ill effects of the decision?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF POWER IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI KALPNATH RAI): (a) to (c) Primary